हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 17 जुलाई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने खोला मोर्चा
4



# स्कूल परिसर बना तालाब, जल भराव होने से अध्यापन कार्य हो रहा प्रभावित

**बिर्रा।** बम्हनीडीह ब्लाक के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बसंतपुर में बरसाती पानी का जमाव होने से अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को कीचड़युक्त पानी से होकर विद्यालय जाना पड़ रहा है। कई दिनों से जलभराव के कारण पानी से बदबू आना शुरू हो गया है। कई बच्चे इस किचड़युक्त पानी से आने जाने के कारण संक्रमित हो रहे हैं। बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान है। और पढ़ाई में रुचि नहीं ले रहे हैं। स्कूल में जल भराव होने के कारण जहरीले जीव जंतु सांप बिच्छू कक्षा में घुस जाने का खतरा है। शिक्षकों का कहना है कि बीईओ को लिखित में अवगत करा दिया गया है। पालकगण का कहना है कि जल्द ही शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा स्कूल में जल भराव कि समस्या का हल नहीं किया गया तो बच्चों को पढ़ने के लिए नहीं भेजेंगे और स्कूल में तालाबंदी करेंगे।




## खबर संक्षेप

### व्यापम के परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में दो घंटे पूर्व आना अनिवार्य

**जांजगीर-चांपा।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल के आगामी परीक्षा के तैयारी के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में व्यापम परीक्षा के नोडल अधिकारी तथा व्यापम समन्वयक का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित किया गया। डिप्टी कलेक्टर शशि चौधरी ने बताया कि बैठक में व्यापम के नए निर्देशों की परिचर्चा की गई। उन्होंने बताया कि अब व्यापम के परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में दो घंटे पूर्व आना अनिवार्य होगा। व्यापम द्वारा 20 जुलाई से आयोजित होने वाली परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों के हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर से फ्रिस्किंग की जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद दोनों पुलिस कर्मी द्वारा बारी-बारी से परीक्षा केन्द्र परिसर एवं केन्द्र के बाहर का निरीक्षण किया जाएगा ताकि कोई संदिग्ध गतिविधि न हो सके। बैठक में बताया गया कि व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए जारी निर्देश में परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा।

### तहसीलदारों के पदस्थापना में किया गया आंशिक संशोधन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय के आदेशानुसार नायब तहसीलदारों को तहसीलदार के पद पर पदोन्नत कर जांजगीर-चांपा जिले में पदस्थ किये जाने के फलस्वरूप कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले में पदस्थ तहसीलदारों के मध्य पूर्व में किये गये पदस्थापना आदेश में आंशिक संशोधन किया है। जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार बम्हनीडीह उमाकांत जायसवाल को तहसीलदार नवागढ़, तहसीलदार शिवरीनारायण अविनाश चौहान को तहसीलदार बम्हनीडीह, टेकेन्द्र नुरूटी को तहसीलदार शिवरीनारायण, अतिरिक्त तहसीलदार नवागढ़ श्रीमती करूणा आहेर को अतिरिक्त तहसीलदार पामगढ़ में एवं चंद्रकांत चंद्रवंशी को प्रभारी तहसीलदार के पद पर उप तहसील राहौद में पदस्थ किया गया है।

### तहसील परिसर बम्हनीडीह में एचएसआरपी कैम्प कल

**जांजगीर-चांपा।** जिले के वाहन स्वामियों की सुविधा हेतु परिवहन विभाग द्वारा तहसील कार्यालय परिसर बम्हनीडीह में 18 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक एचएसआरपी कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू ने बताया एचएसआरपी कैम्प के माध्यम से जिले के समस्त पंजीकृत वाहन स्वामियों को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की सुविधा प्रदान की जाएगी। परिवहन विभाग द्वारा कैंप में वाहन स्वामियों से उनके वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर, आधार चेक कर मोबाइल अद्यतन कर एचएसआरपी हेतु निर्धारित शुल्क सहित आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करवाया जाएगा।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 23 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 23 जुलाई बुधवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के दो नियोजक उपस्थित रहेगें। जिसमें आश्रव फाउंडेशन रायपुर द्वारा असिस्टेंट नर्स 100 पद, सिक्युरिटी गार्ड 100 पद, एच.आर. एक्जीक्यूटिव 05 पद एवं आकाश एजुकेशनल एकेडमी जॉजगीर द्वारा नर्सिंग टीचर 01 पद, ट्रेनर के 02 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी।

## जिला स्तरीय टीम ने चांपा, सिवनी, बम्हनीडीह में दी दबिश

# उड़नदस्ते की छापामार कार्रवाई साढ़े छह सौ बोरी से अधिक खाद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खेती किसानी के सीजन में खाद की अवैध बिक्री पर शिकंजा कसने गठित जिला स्तरीय उड़नदस्ता ने चांपा, बम्हनीडीह क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान आधा दर्जन संस्थानों में भंडारित साढ़े सौ से बोरी से अधिक खाद को जब्त करके नोटिस जारी किया गया।

बुधवार 16 जुलाई को जिला स्तरीय उड़दस्ता दल द्वारा जिले के विभिन्न उर्वरक विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उप संचालक कृषि एल एम भगत ने बताया कि जिला स्तरीय उड़दस्ता दल द्वारा विकासखंड बम्हनीडीह के मेसर्स अग्रवाल कृषि केन्द्र बम्हनीडीह, मेसर्स आनंत ट्रेडर्स बम्हनीडीह, मेसर्स एग्रो सर्विस संेटर चांपा, मेसर्स सिद्धी कृषि केन्द्र सिवनी, मेसर्स साहू खाद भण्डार सिवनी एवं मेसर्स राठौर खाद भण्डार सिवनी चांपा के उर्वरक विक्रय स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स अग्रवाल कृषि केन्द्र बम्हनीडीह के विक्रय स्थल में भण्डारित उर्वरक प्राप्ति का स्त्रोत नही होने के कारण यूरिया 188 बोरी, एस.एस.पी. 147 बोरी, डी.ए.पी. 52 बोरी, एन.पी.के. 102 बोरी जप्ती की कार्यवाही की गई। मेसर्स आनंत ट्रेडर्स बिना स्त्रोत के उर्वरक प्राप्ति के चलते सिंगल सूपर फास्फेट 45 बोरी जब्ती की कार्यवाही करते हुए संबंधित को सुपुर्द किया गया। मेसर्स एग्रो सर्विस सेंटर चांपा में लाइसेंस में दर्शित नक्शा अन्यत्र स्थल का होने के कारण गोदाम को सील बंद की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार मेसर्स सिद्धी कृषि केन्द्र सिवनी, मेसर्स साहू खाद भण्डार सिवनी, मेसर्स राठौर खाद भण्डार सिवनी चांपा विभिन्न प्रकार के अनियमितता के चलते कारण बताओ नोटिस एवं मेसर्स साहू कृषि केन्द्र में बिना स्त्रोत के यूरिया 130 बोरी रखने पर जब्ती करते हुए संबंधित को सुपुर्द किया गया। इस दौरान सहायक संचालक कृषि श्रीमती नीलम आजाद, सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी मनीष कुमार मरकाम, निरीक्षक शिव कुमार राठौर, एन.के.दिनकर, रवि साहू उपस्थित रहे।


गोदाम में भंडारित खाद का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर।

### छह हजार से अधिक टन खाद का वितरण अभी बाकी

कृषि प्रधान जांजगीर-चाम्पा के 5 जनपद पंचायतो को मिलाकर कुल 38 हजार 232 टन खाद वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत किसानो को 20 हजार 270 टन खाद का भंडारण किया गया है, ताकि किसानो को किसी तरह की कोई परेशानी ना उठानी पडे। इसमे करीब 13 हजार 772 टन खाद का वितरण समितियो में किया जा चुका है। वहीं 6 हजार से अधिक टन खाद का वितरण करना बाकि है, जिसके चलते किसानो की परेशानी और भी बढ गई है। जिले के अंतर्गत 101 सेवा सहकारी समिति का संचालन किया जा रहा है। वहीं यहां के सवा लाख से अधिक हेक्टेयर कृषि जमीन पर अभी खरीफ में प्रमुख रूप से यहां के किसान धान की फसल लगा रहे है। इन दिनो ग्रामिण क्षेत्रो में किसान खेती बाडी के कामो में ब्यस्त नजर आ रहे है। वहीं समितियो में खाद की समुचित ब्यवस्था नही बन पा रही है, जिसके चलते किसानो की परेशानी और भी बढ गई है। सबसे अधिक परेशानी डीएपी खाद को लेकर सामने आ रही है। यहां के किसान खाद मे डीएपी की मांग कर रहे है, लेकिन इस खाद की समस्या बनी हुई है।

# प्राण घातक हमला कर युवक की हत्या करने वाली महिला गिरफ्तार

## बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरिया की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

रास्ता रोककर युवक पर प्राण घातक हमला कर हत्या करने के मामले में फरार महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरिया की है।

पुलिस के अनुसार मुहल्ले में शादी हो रही थी, जिसमें चूल माटी खोदने गये थे। इस दौरान देवी प्रसाद उर्फ दीवान कश्यप उम्र 42 साल निवासी सेमरिया थाना बिर्रा के साथ रामेश्वर कश्यप के साथ मामुली वाद विवाद हुआ था। उसी बात को लेकर आरोपी रामेश्वर कश्यप रंजीश रखा था। बदला लेने के लिए आरोपी रामेश्वर कश्यप ने अपने साथी संजीव कुमार कश्यप, दूज राम कश्यप एवं एक विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर 10 मई को साप्ताहिक बाजार कर शाम को अपने घर जा रहा था तभी सभी आरोपियों द्वारा एक राय होकर देवी प्रसद का रास्ता रोककर ताबड़तोड़ हमला करते हुए डण्डा एवं रॉड से मारपीट कर वहां से भाग गए। मारपीट से मृतक को गंभीर चोट लगने से तत्काल इलाज हेतु जांजगीर जिला अस्पताल भेजा गया वहां से सिम्स अस्पताल बिलासपुर रिफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। विवेचना दौरान आरोपी रामेश्वर कश्यप, संजीव कुमार कश्यप उर्फ संजू, दूजराम कश्यप सभी निवासी सेमरिया थाना बिर्रा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफतार कर 12 मई को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया एवं प्रकरण में शामिल एक विधि विरुद्ध संघर्षरत अपचारी बालक की किशोर न्यायालय पेश किया जा चुका हैं। हत्या के प्रकरण में शामिल महिला आरोपी सरस्वती कश्यप जो घटना घटित कर फरार थी। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में बिर्रा पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चाम्पा यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में फरार महिला आरोपी को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 14 जुलाई को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक जय कुमार साहू थाना प्रभारी बिर्रा एवं थाना बिर्रा स्टाफ का योगदान रहा।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिला।

# छात्रों से धान बिनवाने वाले सहायक शिक्षक को डीईओ ने किया निलंबित

**जांजगीर-चांपा।** छात्रों से धान बीनवाने के मामले में कार्यवाही करते हुए बीईओ के जांच प्रतिवेदन के आधार पर डीईओ ने प्राथमिक शाला सिलादेही में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमों के तहत जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

ज्ञात हो कि सोमवार 14 जुलाई को जिला पंचायत के उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा स्थाई समिति के अध्यक्ष ने प्राथमिक शाला सिलादेही का निरीक्षण किया था। इस दौरान स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी गोपी तिवारी के द्वारा अपने घर से 3 किलो 500 ग्राम धान लाकर उसे उसे प्राथमिक स्कूल के बच्चो से धान बीनवाने का काम करा रहे थे। इस मामले को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने संबंधित सहायक शिक्षक से जानकारी ली। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए इस मामले को बीईओ एवं डीईओ को अवगत कराया। इस मामले को लेकर ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने जांच प्रतिवेदन बनाकर डीईओ को दिया, जिसके आधार पर डीईओ ने कार्यवाही करते हुए सिलादेही के प्राथमिक स्कूल मे पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी गोपी कुमार तिवारी को निलंबित कर दिया गया है।

### आदतन जुआड़ी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अकलतरा।** कोटमीसोनार निवासी आशीष सिंह उर्फ अस्सू ठाकुर थाना अकलतरा क्षेत्र का आदतन जुआड़ी है, जिसके द्वारा 03 जुलाई को प्रार्थी बबलू केसर निवासी ग्राम कोटमीसोनार को शराब के नशे में बिना वजह के अश्लील गाली गलौच किया था, जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 297/2025 धारा 296 बीएनएस (द),(ध) SC/ST Act के कायम कर विवेचना में लिया गया था।आरोपी घटना घटित कर फरार था, जिसे पुलिस द्वारा पतासाजी कर उसके सकुनत से पकड़ा एवं हिरासत में लेकर घटना के संबध में पूछताछ किया तो उसके द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया गया।

# राखड़ में फंसी गौमाताओं का निकालने 10 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

कोरबा-सिवनी रोड स्थित टीबीएस शोरूम के सामने खेत में अवैध रूप से डंप की गई राखड़ ने दो गौमाताओं के लिए जानलेवा स्थिति पैदा कर दी। पांच दिनों से राखड़ के दलदल में बुरी तरह फंसी और घायल गौमाताओं को बाहर निकालने के लिए प्रयास सेवा गौसेवा संस्थान चांपा द्वारा 14 जुलाई को 10 घंटे लंबा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

सुबह 6 बजे सूचना मिलते ही प्रयास सेवा गौसेवा संस्थान की टीम मौके पर पहुंची, जहां देखा गया कि गौमाता सिर के अलावा पूरा शरीर दलदलनुमा राखड़ में धंसी हुई थीं। पांच दिन से भूखी-प्यासी इन गौमाताओं की हालत बेहद नाजुक थी। टीम ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन लगातार प्रयासों के बावजूद दलदल की जकड़न इतनी भयंकर थी कि जेसीबी मशीन भी उसमें फंस गई। बाद में चांपा थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता से संपर्क कर हाइड्रा मशीन और ट्रैक्टर की सहायता ली गई, लेकिन अत्यधिक कमजोर हो चुकी गौमाताओं को इन यंत्रों से बाहर निकालना संभव नहीं था, क्योंकि इससे उनके और अधिक घायल होने की आशंका थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गौसेवकों ने मानव श्रम से हाथों से खुदाई कर रेस्क्यू जारी रखा। पूरे 10 घंटे की अथक मेहनत के बाद शाम 4 बजे दोनों गौमाताओं को सुरक्षित दलदल से बाहर निकाला गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में नगर पालिका चांपा, चांपा पुलिस, और स्थानीय गौप्रेमियों का विशेष सहयोग रहा। साथ ही, संस्थान ने जिला कलेक्टर, एसडीएम, एसडीओपी, और थाना चांपा को ज्ञापन सौंपकर अवैध राखड़ डंपिंग पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।


रेस्क्यू कर गौ माता को बाहर निकालते गौ सेवक।

## नारेबाजी करते हुए जलाए बिल, अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

# बिजली दर वृद्धि के विरोध में मंडल कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

राज्य सरकार द्वारा लगातार चौथी बार बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ जनआक्रोश फूट पड़ा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाम्पा ने विद्युत विभाग कार्यालय चाम्पा का घेराव किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने बिजली दर वृद्धि के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, बिलों को जलाकर रोष प्रकट किया और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

रैली की शुरुआत बुधवार 16 जुलाई को सुबह 10:30 बजे हुई, जब कांग्रेस कार्यकर्ता बिजली ऑफिस मोड़ पर एकत्रित हुए। ब्लॉक अध्यक्ष सुनील साधवानी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनविरोधी फैसले ले रही है, स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिल थमाए जा रहे हैं। कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश पैगवार, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष हरीश पांडेय, जिला प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता, चेम्बर अध्यक्ष सुनील सोनी, जिला महामंत्री गुलशन सोनी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला और वरिष्ठ कांग्रेसी समद बेग सहित कई अन्य नेताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ अपनी भड़ास निकाली। बिजली विभाग के मेन गेट पर पहुंचकर प्रतीकात्मक रूप से बिजली बिलों को आग के हवाले कर दिया। घटना स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात था और कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई। अंततः विद्युत विभाग के ईई भारद्वाज व जेई महेश जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर रैली का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील सोनी ने किया तथा आभार पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष किशन सोनी ने व्यक्त किया। विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद, युवा नेता, महिला कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।


रैली निकालकर विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव करने जाते कांग्रेसी व नगरवासी।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### महिला की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**कोरबा।** एक महिला की हत्या करने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पवन कुमार कौशिक ने 19 सितंबर 2022 को रात में महिला कला बाई की हत्या कर दी थी। अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय जायसवाल ने बताया कि आरोपी पवन कुमार कौशिक ने महिला कला बाई के घर में घुसकर उसकी हत्या कर दी थी। आरोपी ने महिला के मुंह को दबाकर और उसके सिर में मारकर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया था और अदालत में अभियोग पत्र पेश किया था। अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास और 2 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय के इस फैसले से पीड़ित परिवार को न्याय मिला है। पीड़ित परिवार ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि उन्हें न्याय मिला है।

### निगम ने जारी किए क्यूआर कोड

**कोरबा।** निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देशन में नगर निगम द्वारा निगम के सभी जोन व फील्ड के अधिकारी कर्मचारियों, राजस्व निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों को क्यूआर कोड जारी किया गया है। संबंधित जोन के अधिकारी व फील्ड के कर्मचारियों को नकद राशि के रूप में अर्थदण्ड की राशि जमा न करके, सीधे आनलाईन पेमेंट के माध्यम से लिए जाने वाले सभी प्रकार के अर्थदण्डों के लिए क्यूआर कोड जारी किया गया, जिसके द्वारा पेमेंट किया जा सकता है। आम नागरिकों की सुविधा व डिजिटल कार्यों को बढ़ावा देने के लिए इस प्रक्रिया के माध्यम से आनलाईन पेमेंट कर सीधे निगम के कोष में राशि को जमा किया जा सकता है।

### वन भूमि पर कब्जा करने का प्रयास असफल


**कोरबा।** वन भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था बड़े भूभाग पर बाउंड्री भी कर ली गई थी वन विभाग की टीम ने वहां पहुंचकर अवैध कब्जे को ढहा दिया गया। सिंचाई कॉलोनी कोरबा से थोड़ा आगे बसी बस्ती डिंगापुर के बड़े भूभाग पर कब्जा किया जा रहा था। बड़े हिस्से पर बाउंड्री कर दी गई थी कुछ और जमीन पर बाउंड्री वॉल खड़ी करने के लिए रॉड बांध दिए गए थे। चूंकि यह वन भूमि है इसलिए जैसे ही इस कब्जे की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को मिली मौके का निरीक्षण कर उसे तोड़ देने का निर्देश दिया गया। जेसीबी के जरिए कब्जा हटा दिया गया।

### प्राथमिक शाला तौलीपाली में नवीन भवन निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**कोरबा।** ग्राम पंचायत तौलीपाली में नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण का भाजपा के जिला महामंत्री टिकेश्वर सिंह राठिया व जिला मंत्री जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिमन्यु राठिया की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के दौरान भाजपा जिला महामंत्री टिकेश्वर राठिया ने कहा की बहुत दिनों से तौलीपाली मे प्राथमिक शाला भवन की आवश्यकता थी जर्ज़र भवन होने से बरसात मे विद्यार्थियों को परेशानी होता था। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा काफी दिनों से प्राथमिक शाला नविन भवन की मांग रही हैं, और करीबन 15 लाख रूपये की भवन बनाया जायगा अब इसके निर्माण से स्कूल मे पढ़ने वाले विद्यार्थीयों को बरसात के दिनों मे भी अब परेशानी नहीं होंगे। ग्रामीणों ने स्कूल में पानी की समस्या को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया के समक्ष मांग रखा जिसे पानी टंकी जल्द स्वीकृति दिलाने अश्वासन दिया गया।

### निगम की अनदेखी, मोर कोरबा पार्क की सुंदरता पर लगा ग्रहण




**कोरबा।** नगर निगम द्वारा नागरिकों के मनोरंजन और शहर की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 18 कोहड़िया में निर्मित मोर कोरबा पार्क असामाजिक तत्वों को अड्डा बन गया है। हाल ही में पार्क को नये रूप में सजाया गया था। सुरक्षा के अभाव में सौंदर्यीरण में तोड़ फोड़ रहा है। रंग-बिरंगे अक्षरों में सजा मोर कोरबा का साइनबोर्ड कुछ दिनों पहले हर आने-जाने वाले के आकर्षण का केंद्र बन गया था, लेकिन खूबसूरत पहल ज्यादा दिन टिक नहीं पाई। कुछ असामाजिक तत्वों ने इस पार्क में तोड़फोड़ कर नगर निगम की सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाया है। जिससे उसकी चमक और सौंदर्य दोनों फीके पड़ गए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है क यह केवल संपत्ति का नुकसान नहीं, बल्कि शहर की पहचान और स्वाभिमान पर चोट है। लोगों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, साथ ही पार्क की सुरक्षा के लिएनिगरानी की व्यवस्था की जाए।

## जिले में चल रही है मानदेय शिक्षकों की भर्ती

# शिक्षक की मांग, सेजस कोरबी के छात्र पहुंचे जिला मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तरफ जिले में डीएमएफ से मानदेय शिक्षकों की भर्ती का दौर चल रहा है वहीं दूसरी तरफ पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के कोरबी क्षेत्र के सेजस स्कूल के छात्र

**खास बात**

- सेजस स्कूलों में है शिक्षकों की कमी, फिर भी भर्ती नहीं

शिक्षक की मांग को लेकर मंगलवार को सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय पहुंच गए थे। जहां उन्होंने आवक जावक शाखा में ज्ञापन देकर लौट आये। मानदेय शिक्षक की भर्ती सेजस स्कूलों में नहीं की जा रही है। जबकि सभी सेजस स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है।

सेजस स्कूलों में शिक्षकों की समस्या लगातार बीते लंबे समय से बनी हुई है। उसके बावजूद शिक्षकों की व्यवस्था करने के मामले में दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। जिस तरह से मानदेय शिक्षकों की भर्ती की जा रही है उससे स्कूलों में शिक्षक तो पहुंच जाएंगे किंतु सेजस स्कूल इस मामले में वंचित रहेंगे। कई ऐसे सेजस स्कूल हैं जहां शिक्षकों की कमी बनी हुई है किंतु वर्तमान में चल रहे भर्ती में सेजस स्कूलों को बाहर रखा गया है, जबकि शिक्षक की मांग को लेकर जिला मुख्यालय से 80 किमी दूर सेजस कोरबी के छात्र छात्राएं शिक्षक की मांग को लेकर कलेक्टर पहुंच गए थे। छात्र छात्राओं ने बताया कि उनके स्कूल में शिक्षकों की कमी के कारण लगातार पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई बार शिक्षकों के मांग को लेकर विभाग को अवगत कराया गया है किंतु शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई। शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल में कक्षा पहली से दसवीं तक की कक्षाएं संचालित है। बोर्ड परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं था। शिक्षक की व्यवस्था नहीं होने का परिणाम छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है।



कलेक्टोरेट के सामने खड़ी छात्राएं।

**मानदेय शिक्षक की जानकारी जिले की वेबसाइड में की गई अपलोड**

मानदेय शिक्षकों के भर्ती के संबंध में नियम शर्तों और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तथा रिक्त स्थान वाले स्कूलों की जानकारी अंततः जिले के वेबसाइड में अपलोड की गई है जबकि 8 जुलाई को भर्ती के संबंध में दिशा निर्देश, रिक्त पदों की जानकारी तैयार हो गई थी किंतु सोशल मीडिया में इसकी जानकारी सार्वजनिक हुई थी। अधिकांश अभ्यर्थियों को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि की जानकारी नहीं हुई और न ही रिक्त स्थान वाले स्कूलों की मामला सामने आने के बाद कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को भर्ती के संबंध में समस्त जानकारी जिले के वेबसाइड में अपलोड करने के निर्देश दिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई बतायी गई है।

**शिक्षकों की नहीं हो रही भर्ती**

जिले में स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। जिनमें रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कई बार प्रक्रिया शुरु की गई जो विभिन्न तकनीकी कारणों से पूरी नहीं की जा सकी है। वर्तमान में चल रही मानदेय शिक्षकों की भर्ती के लिए जो सूची तैयार की गई है उक्त सूची में सेजस स्कूलों का नाम नहीं है। जबकि उन स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। उसके बावजूद विभाग द्वारा शिक्षकों की भर्ती के मामले में सेजस स्कूलों के साथ दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है।

# पैसा दोगुना कराने वाले के घर आईटी की दबिश



कार्यवाही करती आईटी विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा तहसील के भांठा गांव निवासी धीरपाल दीवान के घर पर सोमवार सुबह इनकम टैक्स आईटी विभाग की विजिलेंस टीम ने छापा मारा। टीम ने दीवान के घर की तलाशी और दस्तावेज़ों की जांच शुरू की है।

जानकारी के मुताबिक धीरपाल दीवान का नाम एक फर्जी निवेश कंपनी ट्रीगर एनएफटी से जुड़ा है। यह कंपनी चिटफंड के तर्ज पर काम करती थी और लोगों को 40 दिन में पैसा दोगुना करने का लालच देकर उनसे मोटी रकम निवेश कराती थी। जानकारी के अनुसार कटघोरा और आसपास के इलाकों में लगभग 40 से 50 लोग इस कंपनी के नेटवर्क मार्केटिंग सिस्टम के तहत काम कर रहे थे। ये लोग भोले-भाले निवेशकों को ऐप के माध्यम से पैसा लगाने के लिए प्रेरित करते थे। आईटी विभाग को इस गिरोह की लंबे समय से जानकारी थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अब जाकर विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई शुरू की है। इस कार्रवाई के बाद आम लोगों में चर्चा का माहौल है और निवेशकों में डर फैल गया है। जिन लोगों ने ट्रीगर एनएफटी ऐप में पैसे लगाए थे, वे अब अपने पैसे डूबने को लेकर चिंतित हैं। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि धीरपाल दीवान इस पूरे रैकेट में किस भूमिका में शामिल था और कितने लोगों से कितना निवेश कराया गया है। आईटी विभाग की जांच अब भी जारी है और आगे कई और खुलासे होने की संभावना है। जिले में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां शॉर्टकट में पैसा दोगुना करने के नाम पर लोगों को ठगा गया है। कोरबा क्षेत्र धीरे-धीरे ठगी के ऐसे गिरोहों का अड्डा बनता जा रहा है।

# मंत्रियों की बैठक में शामिल होने उद्योग मंत्री आज जाएंगे दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लखन देवांगन

छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन आगामी 16 एवं 17 जुलाई को दो दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली जाएंगे। इस दौरान वे भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी की अध्यक्षता में आयोजित सुरक्षित ऊर्जा भविष्य हेतु राज्य नेतृत्व पर मंत्री स्तरीय सम्मेलन में भाग लेंगे। मंत्री श्री देवांगन का यह दौरा राज्यों के बीच ऊर्जा नीति, निवेश अवसर और सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री देवांगन 16 जुलाई को दोपहर 2.55 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से दिल्ली के लिए नई दिल्ली जाएंगे। मंत्री श्री देवांगन 17 जुलाई को भारत मण्डपम ऑडिटोरियम नई दिल्ली में भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित सुरक्षित ऊर्जा भविष्य हेतु राज्य नेतृत्व पर मंत्री स्तरीय सम्मेलन में शामिल होंगे। वे नई दिल्ली से संध्या 7.20 बजे नियमित विमान से प्रस्थान कर रात्रि 8.55 बजे रायपुर लौट आएंगे।

## घरेलू बिजली दरों में बढ़ोत्तरी से उपभोक्ताओं में बढ़ा आक्रोश

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने लगातार दूसरे साल घरेलु बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी की गई है, जिससे उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान कही। श्री यादव ने कहा कि घरेलु उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। यह लगातार दूसरा साल है जब घरेलु बिजली महंगी की गई है। पिछले साल 20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाये गये थे। ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई का हाल बहुत बुरा है। ग्रामीण क्षेत्रों में घंटो बिजली गूल रहती है। बरसात के दिनों में खास कर। श्री चौहान ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से भी लोग परेशान हो रहे हैं। बहुत तेजी से लोगों की जेब कट रही है। इसके बावजूद भाजपा सरकार ने बिजली की दरों में वृद्धि कर दी है। एक जुलाई से बढ़ी हुई दरें लागू होगी जो अगस्त के माह में बढ़ा हुआ बिल आयेगा। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि महंगी बिजली का असर सीधे घरेलु उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। बिजली बिल में औसतन लगभग 13 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है। कांग्रेस सरकार की 400 यूनिट तक घरेलु उपभोक्ताओं को मिलने वाली 50 प्रतिशत छुट के बाद 500 यूनिट तक बिजली जलाने वालों के बिजली बिल में 45 रूपये की वृद्धि होगी। इसी के साथ गैर घरेलु उपभोक्ताओं के बिलों में भी अलग-अलग श्रेणीवार दरों पर प्रति यूनिट बिजली महंगी हो जावेगा।

# राख के गड्ढे में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रिसदी लालघाट डेंगुरनाला के पास राख में लिपटा एक अज्ञात शव मिला है जिसमें पुलिस ने पानी भरे गड्ढे में गिरने से युवक के मौत की आशंका जताई है। रिसदी लालघाट में स्थानीय निवासियों को नाले से लगभग 100 मीटर दूर स्थित एक गड्ढे से तेज दुर्गंध आने की शिकायत मिली। जांच करने पर उन्हें राख में लिपटा एक शव मिला। स्थानीय लोगों ने तुरंत 112 पर सूचना दी। 15 जुलाई की सुबह थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जिला प्रशासन और नगर सेना रेस्क्यू टीम की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस अभी तक मृतक की पहचान नहीं कर पाई है। पहचान के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। शव की तस्वीरें व्हाट्सएप ग्रुप में साझा की गई हैं। 15 ब्लॉक से एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिलने पर उसके परिजनों को भी मौके पर बुलाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में संयंत्र से निकलने वाली राख को नदी-नालों और जंगल के किनारे डाला जाता है। इससे गर्मी और आंधी-तूफान के मौसम में लोगों को परेशानी होती है।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बांझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

# रेल लाइन विस्तार के लिए ग्राम पुरैना, बरपाली खरहरी के किसानों की ली जाएगी जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में रेलवे संरचना के विस्तार को लेकर एक अहम कदम उठाया गया है। कोरबा-चांपा मार्ग में बसे ग्राम मड़वारानी से

**खास बात**

- तीसरी-चौथी रेल लाइन को मिली मंजूरी

सरगबुंदिया के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने की योजना को मंजूरी मिल चुकी है। इस परियोजना के तहत अप और डाउन दिशा में कुल 12.20 किलोमीटर लंबाई की नई रेल लाइन बिछाई जानी है, जिसके लिए शासकीय और निजी मिलाकर कुल 9.4865 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है।

रेलवे की इस महत्वाकांक्षी परियोजना से कुल 262 किसान प्रभावित होंगे। जिनकी भूमि इस परियोजना के दायरे में आई है, उसका प्रकाशन राजपत्र में किया जा चुका है। प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। बरपाली तहसील के ग्राम पुरैना, बरपाली और खरहरी में किसानों की भूमि का चिन्हांकन किया गया है। ग्राम पुरैना के 147 किसानों की भूमि के साथ 6.4655 हेक्टेयर शासकीय भूमि चिन्हित की गई है। ग्राम बरपाली के 69 किसानों की 2.579 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की जद में आई है। ग्राम खरहरी में 14 किसानों की भूमि के साथ 0.441 हेक्टेयर शासकीय भूमि अधिग्रहण की गई है। सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस परियोजना को रेलवे बोर्ड से पहले ही स्वीकृति मिल चुकी थी। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के आम बजट में इस कार्य के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की थी। इसके बाद रेल प्रशासन ने जमीन का सर्वे, चिन्हांकन तथा शासकीय भूमि पर प्राथमिक कार्य शुरू कर दिया था।



फाइल फोटो

**कोरबा स्टेशन पर 13 लाइन**

कोरबा रेलवे स्टेशन पर तीन प्लेटफॉर्म के साथ कुल 13 रेल लाइनें हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश पर मालगाड़ियां खड़ी रहती हैं या दौड़ती रहती हैं। इस वजह से बिलासपुर की ओर से आने वाली यात्री ट्रेनों को अक्सर मड़वारानी, सरगबुंदिया या उरगा के बीच रोका जाता है। नई लाइनें बिछने के बाद यह समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी, और यात्री ट्रेनों की आवाजाही ज्यादा सुगम हो सकेगी।

# फार्मर आईडी के बिना किसानों को नहीं मिलेगी पीएम किसान निधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आगामी धान खरीदी खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए राज्य शासन ने एग्रीस्टेक प्रोजेक्ट के अंतर्गत एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी किसान पंजीयन को सभी किसानों के लिए अनिवार्य कर दिया है। जिन किसानों के पास फार्मर आईडी नहीं रहेगी उन्हें किसान सम्मान निधि नहीं मिलेगी और न ही व धान बेच पाएंगे। इसके तहत प्रदेश भर के सभी किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किया जाएगा जिससे किसान समर्थन मूल्य पर पारदर्शिता के साथ आसानी से धान विक्रय कर पाएंगे।

जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित की गई है। अब तक जिले के कुल 56,801 किसानों ने फॉर्मर आईडी बनवा लिया हैं। जिसमें अजगरबहार तहसील में 1474, तहसील बरपाली में 10555, कोरबा में 2971, करतला में 4108 , भैंसमा में 4151, कटघोरा में 3863, दर्री में 1035, दीपका में 3837, पाली में 9008, हरदीबजार में 5547, पोड़ी उपरोड़ा में 6539 एवं पसान 3713 किसानों ने फार्मर आईडी पंजीयन करा लिया है। फसल बीमा कराने हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त का हस्तांतरण फार्मर आईडी, किसान कार्ड के आधार पर किये जाने के निर्देश पीएम किसान सम्मान निधी योजना में हैं। जिले के 1,42, 424 किसानों का पंजीयन है, इसमें से अब तक केवल 56801 सहित 39.88 प्रतिशत किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी किसान पंजीयन कराया है।

## सड़क हादसे में नाबालिग की मौत

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत चोढ़ा निवासी अशोक पोर्ते का पुत्र 17 वर्षीय गौरव पोर्ते अपने बाईक से अपने साथी विमल उर्रे उम्र 16 वर्ष के साथ सोमवार शाम लगभग 7 बजे रेकी - हरदी बाजार की ओर दुकान कपड़ा लेने आ रहा था। इसी बीच अंडीकछार टिनटिकिया के छोटा पुल के पास जॉन्डियर ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया जहां नाबालिग युवक गौरव पोर्ते की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा साथी विमल को भी काफी चोटे आई हैं जिसे प्राथमिक उपचार के लिए स्वस्थ विभाग भेजा गया जो कि गौरव पोर्ते का परिजन सूचना मिलते ही थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया है।



# रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

## लाइफ Style



# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'

## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।



# हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



# ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति


**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी हैं, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



# कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

## टीवी मसाला



# जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी जिंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

## इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुईं दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ



इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।

# ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होंगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।





**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।

**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

# नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन



अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

## पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

# ओम नमः शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी

धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### भागवत परायण कार्यक्रम में शामिल हुए राजेश्री महंत



**जांजगीर-चांपा।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास खोखसा फाटक जांजगीर में रेलवे फाटक के पास गुप्ता परिवार में आयोजित भागवत परायण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने पूजा अर्चना करके गुप्ता परिवार के सभी सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजक परिवार के द्वारा राजेश्री महंत का चरण पखार कर आरती की गई एवं शाल श्रीफल से उन्होंने सम्मानित किया। इस अवसर पर कमलेश सिंह, देव कुमार पांडे, माखन गुप्ता, प्रकाश गुप्ता , हिमांशु गुप्ता मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव हर्ष दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रवास के दौरान राजेश्री महंत अधिवक्ता विजय दुबे की माता को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 81 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचों को चार माह का मिलेगा मानदेय

**मालखरौदा।** जनपद अंतर्गत आने वाले 81 ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच पंच का अप्रैल से




जुलाई तक का मानदेय जनपद पंचायत में पहुंच चुका है। एक सप्ताह के भीतर जनपद द्वारा ग्राम पंचायत के नाम से चेक जारी किया जाएगा। उसके बाद ग्राम पंचायत के सचिव पंचों को मानदेय का भुगतान करेंगे। बता दे पंचों को प्रतिमाह 500 रुपये जबकि सरपंचों को प्रतिमाह 4000 रुपये का मानदेय दिया जाता है। इस हिसाब से पंचों को 2000 जबकि सरपंचों को 16000 रुपए मानदेय के रूप में प्राप्त होगा। वही इस संबंध मे चरोदी के पंच विजय धीरहे जबकि पिहरिद के पंच चेतन बुद्ध भारद्वाज का कहना था सभी राशि पंचों के बैंक खाते में भेजा जाना चाहिए इस बारे में जनपद सीईओ को सचिवों को आदेश जारी किया जाना चाहिए ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे पर चार्ट प्रदर्शनी



**हसौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद के कक्षा ग्यारहवीं के आई टी विषय के छात्राओं ने वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे 2025 के अवसर पर चार्ट बनाकर प्रदर्शनी की । छात्राओं ने बहुत ही उत्साह के साथ चार्ट का प्रेजेंटेशन किया, इस वर्कशॉप में तृप्ति, तोशीबा, शालू, संचिता, निखिल, पूजा, संध्या, अदिती, सिमरन ,शगुन ,नंदकुमारी, यामिनी, प्रभा और प्रिया इत्यादि ने प्रेजेंटेशन दिया । प्राचार्य एस पी द्विवेदी तथा आई टी प्रशिक्षक अनिल प्रकाश बंजारे ने सभी बच्चों को हुनर मंद होने की कामना की।

### जवाहर नवोदय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन 29 तक

**हसौद।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है एवं चयन परीक्षा दिनांक 13 दिसम्बर को प्रातः 11:30 बजे आयोजित की जायेगी। इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में दिनांक 31 जुलाई 2025 से पूर्व तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत रहेंगे तथा जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 तक हो (दोनो तिथियां सम्मिलित)। नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट www.navodaya.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

## निधन

### उर्मिला सिंह



**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक श्याम सरोज सिंह (सोनसरी) की धर्मपत्नी एवं सेवा निवृत प्रधान पाठक श्रीमती उर्मिला सिंह का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नगर के कॉलेज रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### दाऊराम यादव



**अकलतरा।** ग्राम तागा के प्रतिष्ठित नागरिक दाऊराम यादव का रविवार 13 जुलाई को निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गण्मान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### बाइक रैली निकालकर शहर भ्रमण करते हुए सौंपा ज्ञापन

# मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने खोला मोर्चा



ज्ञापन सौंपते कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

शासकीय सेवकों को देय तिथि से महंगाई भत्ता, लंबित एरियर्स, चार स्तरीय पदोन्नत सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने बाइक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय सलाहकार पी आर यादव की उपस्थिति में बुधवार 16 जुलाई को 11 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारी भवन केरा रोड से बाइक रैली निकाली गई शहर भ्रमण कर एस डी एम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया, मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन में लंबित मंहगाई भत्ता,2019 से समय समय पर लंबित मंहगाई भत्ता का एरियर्स, चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान, सभी कर्मचारियों को पूर्ण पेंशन हेतु नीति निर्धारित करना, पिंगुआ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक कर लागू करना, सहित ग्यारह सूत्रीय मांग शामिल है। रैली में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार महासचिव अर्जुन सिंह क्षत्रि, धन्यकुमार पाण्डे, विकास सिंह, रविन्द्र राठौर, शरद राठौर, फ़रित किरण, मनोज यादव, निधी लता जयसवाल, भुवनेश्वर देवांगन, टीकम थवाईत,के के थवाईत, आर पी देवांगन, कृष्णकांत राठौर, पवन सिंह चंदेल, महेश राठौर, संतोष राठौर, संतोष सिंह बैंस, डॉ इकबाल हुसैन, रंजीत सिंह, जगन्नाथ श्रीवास, टी के टंडन, संजय राठौर, उपस्थित रहे।

### शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों के 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सक्ती।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला ईकाई सक्ती के तत्वाधान में कर्मचारी, अधिकारियों एवं पेंशनरों के हित में 11 सुत्रीय प्रमुख मांगो को लेकर 16 जुलाई को जिला कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा गया। रैली में जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, विजय बहादुर सिंह, खगेश कुमार पटेल, तुलसीराम राठौर जिला संयोजक पेंशनर्स प्रकोष्ठ, कार्यकारी जिला संयोजक राधेश्याम साहू, मालखरौदा तहसील संयोजक विकास चौबे, जैजैपुर तहसील संयोजक बंशीबिहारी बनाफर, डभरा तहसील संयोजक यशवंत पटेल, सक्ती अध्यक्ष अशोक कुमार राठौर, श्यामकुमार सोने, छ.ग. डिप्लोमा इंजि. एसोसियेशन जिलाध्यक्ष वाई. आर. एस. मांडलेकर, रमेश देवांगन, आर. जी. थवाईत, गजेन्द्र भोसले, लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष रवि बघेली, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ, विजय खुंटे जिलाध्यक्ष क्रांतिकारी शिक्षक संघ, भोलाशंकर साहू जिलाध्यक्ष सहा. शिक्षक एवं समग्र शिक्षा फेडरेशन, प्रदीप बंजारे राजस्व निरिक्षक संघ, डी. के. कुर्रे सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ, भोलाशंकर तिवारी, डी. के. पाली,




एल.आर. जायसवाल, एम.डी. देवांगन, जयसिंह गबेल, हीरामणी वर्मा, एल.एन. राठौर, संजय कुमार सोनी, खेलन खुंटे, बी. एम. श्याम, मुरलीधर तंबोली, आर. जी. थवाईत, रवि साहू, वेदकुमार, जलेश्वर प्रसाद पटेल, हेमलाल बंजारे, चंद्रिका प्रसाद डनसेना, गौतम चन्द्रा, रामरतन साहू, वीरुकुमार कोसले, जगन्नाथ गोस्वामी, नरेन्द्र कुमार कंवर, शत्रुहन केंवट, गजेन्द्र भोसले, देवेश्वर कुमार वर्मा, सुक्रिता बंजारे, खगपति साहू, अरुण सोनवानी, सिकंदर सिंह खुंटे, उमाशंकर राठौर, भागीरथी राठौर, छोटेलाल चौहान, संतोष कुमार मेहरा, संतोष दास महंत, महेत्तर सिंह राज, रघुनंदन प्रसाद राठौर उपस्थित रहे।

### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने निकाला वादा निभाओ रैली

**अकलतरा।** प्रदेश के शासकीय सेवकों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लंबित एरियर्स 11 सूत्री मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर बुधवार को अकलतरा तहसील शाखा के कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से सम्बद्ध समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी जनपद पंचायत कार्यालय से बाइक रैली निकालकर आंबेडकर चौक, आजाद चौक, शास्त्री चौक होते हुए एस डी एम कार्यालय पहुंचे एवं विधान सभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी लागू करने एसडीएम विक्रांत अंचल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में तहसील संयोजक पुष्पराज सिंह चंदेल, प्रांताध्यक्ष जयंत सिंह क्षत्रीय, प्रवीण दूबे लिपिक संघ महासचिव, अनुभव तिवारी राम शरण सिंह सर्वा ,ओमप्रकाश राठौर ,कृष्णकुमार यादव, ईश्वरी कश्यप ,अमित धीरही, लक्ष्मण रात्रे ,रूपेश सिंह ,दामोदर चौधरी, रमाकांत परौहा, अश्वनी पटेल ,इदरीश खान, नरेन्द्र कुमार डहरिया ,ललित मरकाम, ओमप्रकाश चंद्राकर ,मुनीश कैवर्त ,उपेन्द्र धीवर, अरूण धीवर, संतोष कुमार धीवर ,अरूण सिदार ,मनहरण सिंह



मरकाम, धनेश राम वर्मा ,रजनीकांत धीवर ,अर्जुन झाडे, गजाधर सिंह मरकाम ,संतोष साहू ,कृष्ण कुमार महन्त ,गोपेश पाटले ,अविनाश खण्डेल ,ज्योत्सना सिंह चंदेल ,संतोषी कौशिक ,पल्लवी सिंह ,सुधा सिंह ,सुनिता राठौर, सरिता निर्मलकर ,रश्मि सिंह ,रीना बैंस ,योगद्रपाल मिरि ,वीरेंद्र शांडिल्य ,सूरज साहू, जन्मेजय राठौर संजय शर्मा विमलेश महिपाल जागेश्वर प्रधान अब्दुल कलीम खान प्रदीप शर्मा विवेक चंदेल पवन साहू सहित शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग महिला बाल विकास विभाग प्रधान पाठक कल्याण संघ लिपिक वर्ग संघ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं समस्त कर्मचारी संगठन शामिल थे।

### जर्जर सड़क से स्कूली बच्चों नागरिकों को हो रही परेशानी



**देवरी-सारागांव।** बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में रेल्वे फाटक से लेकर शासकीय हायर सेकंड्री स्कूल तक की आधा किलोमीटर सड़क की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे व कीचड़ भर जाने से स्कूली बच्चों समेत ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। आपको बता दें कि देवरी सारागांव पश्चिम मध्य रेल्वे स्टेशन में चौथी लाइन विस्तार कार्य के चलते कई महीनों से निर्माण कार्य जारी है। सड़क किनारे पानी निकासी के लिए नाली निर्माण का काम भी हो रहा है, जिसके कारण सड़क पर मिट्टी के ढेर लगे हैं। इस मार्ग से रोज़ाना सैकड़ों स्कूली बच्चे मिडिल व हाईस्कूल पढ़ने जाते हैं और ग्रामीण ट्रेन पकड़ने स्टेशन आते-जाते हैं। रेल निर्माण कार्य के लिए सामान लेकर इस सड़क पर भारी हाइवा, ट्रेलर वाहन के आवागमन से बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं जिसमें पानी भरकर कीचड़युक्त हो गया है। देखने को मिला कि सड़क खराब से बच्चे रेल लाइन के ऊपर से आना जाना कर स्कूल पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रेल्वे ठेकेदार द्वारा बारिश की शुरुआत में सड़क पर जस्ट डालकर मरम्मत की गई थी लेकिन अब सड़क फिर से खराब हो गई है। विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का इस ओर कोई ध्यान न होने से आम नागरिकों व विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ती जा रही है।

# कई गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों के नहीं खुलते ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बम्हनीडीह

- जनप्रतिनिधियों ने जाहिर की नाराजगी, बच्चों व गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल रहा पोषण सामग्री

महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का खुलने एवं बंद होने का कोई निश्चित समय नहीं है। कार्यकर्ता सहायिका इन केन्द्रों को अपने हिसाब से संचालित कर रहे है। विभागीय परियोजना अधिकारी की उदासीनता के चलते दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्र या तो सप्ताह भर से बंद पड़े हैं, या केवल औपचारिकता निभाने के लिए खोले जा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो कई गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों के ताले तक नहीं खुलते। जहां खुले भी हैं, वहां न समय पर सेवाएं मिल रही हैं और न ही बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण सामग्री। केंद्रों में कार्यरत कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपनी मनमानी कर रही हैं। सप्ताह में एकाध बार कुछ केंद्रों को खोलकर सिर्फ औपचारिकता निभा रही है। बच्चों की उपस्थिति, पोषण वितरण और शिक्षा की व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। कई गांवों के सरपंच और जनप्रतिनिधियों ने इस मुद्दे को लेकर




आंगनबाड़ी केन्द्र में लटका ताला।

नाराजगी जाहिर की है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को तत्काल हटाया जाए। सभी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर बंद पाए जाने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों के लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए।

**की जाएगी कार्रवाई**

आंगनबाड़ी केंद्र समय से पहले बंद हो रहे है तो कार्यवाही की जाएगी।

-रिचा तिवारी, परियोजना अधिकारी बम्हनीडीह

# पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान एक आधुनिक तकनीक : डॉ. पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

पशुओ में कृत्रिम गर्भाधान एक आधुनिक तकनीक है, जिसके द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले सांड के वीर्य सिमन को गाय में कृत्रिम रूप से डाला जाता है, ताकि गर्भाधान हो सके। यह तकनीक पशुपालन

- ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में पशु सखी लें रहीं प्रशिक्षण



जानकारी देती पशु चिकित्सा अधिकारी।

में नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और रोग रहित संतती प्राप्त उपयोगी है।

उक्त बातें पशुधन विकास विभाग के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ पूनम पटेल ने ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में आयोजित 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल सक्ति जिले के बिहान की पशु सखी दीदियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने पशुओ में कृत्रिम गर्भाधान की प्रक्रिया, नस्लों का वर्गीकरण, गाय के पहले दूध खिस में पाए जाने वाले गुण के बारे में जानकारी दी। डॉ पूनम पटेल ने गाय के पेट के चार भाग में रुमन, रेटीकुलम, ओमसस और एबोमसस के कार्य के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण में उन्होंने पैरा का यूरिया उपचार का महत्व, अंजोला तथा साइलेज के बारे में जानकारी दी। पशु सखियों को दूध दुहने के सही तरीके के बारे में बताया कि दूध दुहना एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जो यदि सही तरीके से किया जाय, तो न सिर्फ दूध की मात्रा और गुणवत्ता बढ़ती है। बल्कि गाय, भैस की थनों की बीमारी जैसे थनाईला से भी बचाव होता है। उन्होंने ब्रूँसेला वैक्सीन समेत पशुओं को किस माह में कौन सी टिका लगाने के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर लक्ष्मीनारायण सिंकू, फेकेल्टी अरुण कुमार पाण्डेय, उत्तम कुमार राठौर, योगेश कुमार यादव, किशन रजक, मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव और 35 पशु सखी दीदियाँ प्रमुख रूप से शामिल थे।

# नाबालिग बालिका से अनाचार करने वाला आरोपी को एमपी से पकड़ा

**अकलतरा।** नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने एवं उसके साथ अनाचार करने वाले युवक को अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है।



इस संबंध में पुलिस से यह जानकारी मिली कि नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की सूचना रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 2 अप्रैल 2025 को थाना अकलतरा मे अपराध क्रमांक 107/25 धारा 137 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना किया गया था।नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में अपहत बालिका एवं अज्ञात आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में सायबर तकनीकी के माध्यम से पता चला कि अपहृत बालिका आरोपी सचिन अहिरवार के कब्जे में जिला-विदिशा मध्यप्रदेश तरफ है। सूचना पर थाना अकलतरा पुलिस द्वारा टीम रवाना कर आरोपी के कब्जे से अपहृत बालिका को सकुशल बरामद किया एवं आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपहृता बालिका को भगा ले जाकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही मे निरीक्षक मणिकात पाण्डेय थाना प्रभारी अकलतरा, सउनि अशोक कश्यप, महिला प्रधान आरक्षक रामकुमारी मार्को आरक्षक अजीत सिह राज का योगदान रहा।

# वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण को लेकर गंभीर नहीं पालिका और लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर पूछे गए प्रश्न पर पता चला है कि प्रदेश के नगरी निकाय रेनवाटर हार्वेस्टिंग को लेकर गंभीर नहीं है। राघवेन्द्र कुमार सिंह ने उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री से पूछा कि प्रदेश में स्थित निकायों (नगर निगम, नगरपालिका) द्वारा विगत 3 वर्षों में भवन निर्माण हेतु कितने लोगों को अनुमति/अनुज्ञा प्रदान की गई, वर्षवार, संख्यात्मक जानकारी प्रदान करें एवं इस अवधि में निर्मित कितने भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कराया गया है? वर्षवार, संख्यात्मक जानकारी के साथ प्रदेश में स्थित निकायों (नगर निगम, नगरपालिका) में रैन वाटर हार्वेटिंग शुल्क के रूप में ली गई कितनी राशि जमा है, कितनी राशि राजसात की गई है, उक्त राशि से रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण हेतु क्या कार्य योजना तैयार की गई है। सम्पूर्ण जानकारी मांगे जाने पर लोक निर्माण मंत्री अरूण



- विधायक राघवेंद्र सिंह ने उठाया वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण का मुद्दा

साव ने बताया कि प्रदेश में स्थित निकायों द्वारा विगत 3 वर्षों में भवन निर्माण हेतु 31678 लोगों को अनुमति/अनुज्ञा प्रदान की गई एवं इस अवधि में निर्मित 7665 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कराया गया है। प्रदेश में स्थित निकायों (नगर निगम, नगरपालिका) में रेन वाटर हार्वेटिंग शुल्क के रूप में ली गई राशि रू. 22,46,55,407.00 जमा है तथा राशि रू. 10,30,288.00 राजसात की गई है। रेन वाटर हार्वेटिंग सिस्टम नहीं बनाने पर जमा राशि राजसात करने व राजसात राशि से निकायों के द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण करने के लिए निर्देशित किया गया है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में जांजगीर चांपा जिले के संबंध में यह जानकारी दी गई कि जिले के तीनों नगर पालिका चाम्पा, जांजगीर नैला, अकलतरा में विगत 3 वर्षों में 450 लोगों ने आवास बनाने के लिए ली अनुमति जिसमें से सिर्फ 160 लोगों ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कराया है। 19 जून 2025 को विधायक राघवेंद्र सिंह के द्वारा प्रश्न लगाए जाने के बाद 20 जून को जिले के चांपा नगरीय निकाय के द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए राशि राजसात किए जाने का निर्णय लिया गया है वहीं जांजगीर एवं अकलतरा नगरीय निकाय के द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। गौरतलब है कि जल संकट साल दर साल गहराता जा रहा है, लेकिन इसके समाधान के लिए बनाई गई योजना सिर्फ कागजों तक सिमित रहा जा रही है। गर्मी के दिनों में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। उपमुख्यमंत्री द्वारा दिए गए उत्तर से पता चलता है कि रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए नगर पालिकाओं के पास कोई प्लान नहीं। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा प्रश्न लगाने के बाद कुछ निकाय योजना तैयार करने में लगे हैं।

# सहकारिता को मजबूत बनाने समितियों की पारदर्शिता, लेखा परीक्षण आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- सहकार भवन में सहकारी योजनाओं, बायलॉज एवं साइबर सुरक्षा पर विशेष कार्यशाला आयोजित

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के वार्षिक कैलेंडर के तहत सहकारी जागरूकता व क्षमता संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सहकार भवन नोडल कार्यालय जांजगीर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले की समस्त प्राथमिक सहकारी समितियों के प्रबंधक, ऑपरेटर सहित बैंकिंग व सहकारिता विभाग के अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सहायक पंजीयक सहकारिता कामेश कश्यप, सहायक निदेशक एनसीडीसी रायपुर सुभाष वर्मा, डीडीएम नाबार्ड जांजगीर अंकित पाल, नोडल अधिकारी अमित साहू एवं नोडल सहायक जीपी तिवारी उपस्थित रहे। अपने स्वागत वक्तव्य में श्री साहू ने सहकारिता क्षेत्र में समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया तथा ऐसे आयोजनों को समय-समय पर आयोजित कर अधिकारियों एवं सहकारी समितियों से जुड़े कार्मिकों को अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही। इसके पश्चात सुभाष वर्मा, सहायक निदेशक एनसीडीसी रायपुर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से एनसीडीसी द्वारा सहकारी समितियों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। श्री वर्मा ने सहभागियों को केंद्र व राज्य स्तर पर संचालित नवीन योजनाओं से भी अवगत कराया। इसके बाद नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अंकित पाल ने नाबार्ड की योजनाओं की जानकारी साझा की। सहायक पंजीयक श्री कश्यप ने सहकारी समितियों की भूमिका, कार्य प्रणाली एवं विभिन्न सहकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी तकनीकी जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए समितियों की पारदर्शिता, सही प्रबंधन एवं समय पर लेखा परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला के अगले सत्र में नोडल सहायक जीपी तिवारी ने प्राथमिक सहकारी समितियों के बायलॉज पर विस्तारपूर्वक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते साइबर क्राइम एवं बैंकिंग फ्रॉड के खतरों पर भी विस्तृत जानकारी दी। श्री तिवारी ने बताया कि डिजिटल लेनदेन के दौरान किन सावधानियों का पालन करना चाहिए एवं किस प्रकार साइबर फ्रॉड से बचा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जीपी तिवारी ने किया। कार्यशाला से जिले की सहकारी समितियों के प्रबंधकों एवं ऑपरेटरों को योजनाओं की अद्यतन जानकारी, बायलॉज की बारीक समझ तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का अवसर प्राप्त हुआ।




कार्यशाला में जानकारी देते अतिथि।

